महत्वपूर्ण एवं खास

करंट से किसान की खेत में मौत

महासमुंद (आरएनएस)। बसना थानांतर्गत ग्राम डूमरपाली के किसान नरेंद्र डड़सेना पिता दरसराम डड़सेना (38) की बोरवेल कनेक्शन के लिए गए टीसी कनेक्शन को सुधारते वक्त करंट से मौत हो गई। बसना पुलिस के अनुसार नरेंद्र डड़सेना अंधेरीडीपा पीपलखुंटा स्थित खार के खेत में रोपा लगाने हेतु तैयारी कर रहा था। विद्युत तार को टूटा हुआ देख कर उसे सुधारने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान छिले हुए विद्युत तार के संपर्क में आने से नरेंद्र की करंट से चिपककर मौत हो गई। बताया गया है कि खेत में नमी के कारण करंट से वह झुलसने लगा। खेत में काम कर रहे उनके पिता दरसराम एवं उनके चाचा गजानंद उन्हें बचाने बांस डंडा लेने दौड़े बांस डंडा से अलग करने के पहले नरेंद्र की मौत हो गई थी। घटना की जानकारी गजानंद ने बसना थाने में दी।

रंगदारी की मांग कर पान मसाला व्यवसायी को परिवार सहित जान से मारने की धमकी

रायपुर (आरएनएस)। पान मसाला के थोक व्यापारी व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी वसूल किए जाने की रिपोर्ट गंज थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड गंज रायपुर निवासी महेश गुप्ता 68 वर्ष पिता स्व. राजाराम गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मैं होटल सत्कार गली नंबर 02 स्टेशन रोड रायपुर में रहता हूं पान मसाला का थोक व्यापार करता हूं कि आकाश जंघेल ऊर्फ बाबू व कैलाश जंघेल, गौरव जंघेल एवं प्रखर जंघेल मुझसे रंगदारी के रूप में पैसे की मांगते है एवं नहीं देने पर प्रताड़ित कर मुझे एवं मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 384, 34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

बुजुर्ग व्यापारी की निर्मम हत्या, जांच में जुटी पुलिस

मुंगेली (आरएनएस)। बुधवार सुबह एक बुजुर्ग व्यापारी की हत्या कर दी गई। घटना उस समय की है जब बुजुर्ग घर से कचरा फेंकने के लिए घर से बाहर निकला था। इसी दौरानआरोपी ने उस पर मिर्च पावडर डालकर चाकू से गला रेत दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी घर के दरवाजे पर घात लगाए बैठे थे। इसी दौरान उन पर मिर्च पावडर डालकर चाकू से गला रेत दिया। जिसके बाद दोनों आरोपी घर के कुंडी को अंदर से बन्द करके छत के रास्ते से भाग निकले जिन्हें भागते वक्त मृतक की पत्नी ने देखा। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी हड़बड़ी में में अपना मोबाइल वहीं छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर शव को अपने कब्जे में लेने के साथ जांच में जुट गई है। जिला मुख्यालय में घटी इस वारदात को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सी. डी. टण्डन भी मौके पर पहुंचे। आरोपियों की पतासाजी के लिए डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया हैं।

इंदिरा गांधी कृषि विवि में सिंचाई व जल प्रबंधन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी जारी

» संगोष्ठी में देशभर जुटे वैज्ञानिक

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में देशभर से जुटे वैज्ञानिकों द्वारा छात्रों को सिंचाई व जल प्रबंधन विषय पर जानकारी दे रहे है। कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 9 जुलाई से प्रारंभ किया गया है। संगोष्ठी का आज दूसरा दिन है। दूसरे दिन भी कार्यक्रम में वैज्ञानिक द्वारा जल प्रबंधन पर किए गए अपने शोध व परिणाम सहित अन्य जानकारियां अपने उद्बोधन के जरिए छात्रों को दे रहे है। संगोष्ठी का समापन 11 जुलाई को होगा।

मोटरसाइकिल चालक को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, मौत

रायपुर (आरएनएस)। मोटर साइकिल से जा रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नकटा मंदिर हसौद रायपुर निवासी मुकेश कुमार साहू आयु 23 वर्ष पिता ईश्वर प्रसाद साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राहुल प्रसाद जायसवाल पिता बरमल लाल जायसवाल उम्र 21 साल साकिन खुरमुचा रोड ग्राम बसाही चितरंगी जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश का रहने वाला है। प्रार्थी ने मृतक को अपनी मोटरसाइकिल हीरों होंडा क्रमांक सीजी 04 एचवाय 4128 से शराब खरीदने के लिए भेजा था। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जिंदल बस्ती नाहरपार मंदिर हसौद के पास मोटरसाइकिल को जोरदार ठोकर मार दिया जिसके चलते राहुल प्रसाद जायसवाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

मानदेय में वृद्धि एवं 9 सूत्रीय मांगों को लेकर छगआंबा कार्यकर्ता सहायिका संघ ने दिया धरना

» मांगें पूर्ण नहीं होने पर 10 अगस्त को प्रदेश स्तरीय धरना दिया जायेगा

रायपुर (आरएनएस)। ऑल इंडिया फेडरेशन आफ आंगन वर्कर्स एण्ड हेल्पर्स एसोसियेशन के राष्ट्रीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर बूढ़ापारा धरना स्थल में एक दिवसीय धरना दिया। संघ की प्रातांध्यक्ष सरिता पाठक एवं सचिव सुमन यादव ने प्रतिनिधि को चर्चा के दौरान बताया कि वित्तवर्ष 2018-19 में प्रधानमंत्री द्वारा अक्टूबर माह में 1500 कार्यकर्ता, 750 रुपये सहायिका और 1250 रुपये मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को देने की घोषणा विडियों कान्फ्रेसिंग के जरिये की गई थी। किन्तु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विगत माह जून में आदेश जारी कर जुलाई से इसका लाभ देना का आदेश जारी किया गया है जो देश के 26 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं के साथ धोखा है। संघ की मांग है कि शासन 9 माह का लंबित एरियर्स तत्काल भुगतान करें,

श्रमकानून के तहत न्यूनतम पारिश्रमिक 18 हजार रुपये प्रति माह दिया जावे, भविष्य की सुरक्षा के लिए पेंशन, ग्रेज्युटी, समूह बीमा योजना लागू की जाये, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों का पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्रों में संविलियन किया जाये, मध्यप्रदेश में कार्यकर्ता को 11 हजार 500 रुपये दिया जा रहा है। जबकि छत्तीसगढ़ में 6500 रुपये भुगतान की स्वीकृति को बढ़ाया जाये, कार्यकर्ता के सेवा निवृत्त होने पर 50 हजार रुपये कार्यकर्ता को एवं 25 हजार रुपये सहायिका को एक मुश्त भुगतान किया जाये, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को उनकी वरिष्ठता के अनुसार 10-18 वर्ष एवं 25 वर्ष की सेवा के उपरांत प्रोत्साहन राशि देने की नीति बनाई जाये। धरने में आंगनबाड़ी सहायिका संघ की सैकड़ों सदस्य शामिल हुई। प्रातांध्यक्ष सरिता पाठक एवं सचिव सुमन यादव ने शासन को उक्त मांगों को तत्काल पूर्ण करने का आग्रह किया है। 9 अगस्त तक मांगें पूर्ण नहीं होने पर 10 अगस्त को प्रदेश स्तरीय धरना दिया जायेगा।

जुआ खेलते 4 जुआरी गिरफ्तार, नगदी व ताश की 52 पत्ती जब्त

रायपुर (आरएनएस)। जुआं खेलते पाए जाने पर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 4900 रुपए व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है मिली जानकारी के अनुसार इंद्रावती भवन पार्किंग शेड के नीचे जुआं खेलते पाए जाने पर राखी थाना पुलिस ने विजय कुमार लांझी 50 वर्ष पिता केदूराम लांझी व अन्य तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 4 हजार 9 सौ रुपए व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है जुआं खेलते पाए जाने पर चारों जुआरियों के खिलाफ जुआं एक्ट 13 की धारा के तहत अपराध कायम किया है।

मंत्रियों के बाद 19 सचिवों के प्रभार जिले भी बदले गए

रायपुर (आरएनएस)। प्रभारी मंत्रियों के जिलों का पुनर्गठन करने के बाद राज्य सरकार ने मंगलवार को कुछ सचिवों के प्रभार वाले जिले भी बदल दिए। जारी आदेशानुसार अपर मुख्य सचिव सीके खेतान बलौदाबाजार एवं राजनांदगांव, अपर मुख्य सचिव आरपी मंडल बिलासपुर, प्रमुख सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, धमतरी और कबीरधाम, प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ सरगुजा और सूरजपुर, प्रमुख सचिव मनिंदर कौर द्विवेदी रायपुर, सचिव सुबोध सिंह बलरामपुर और कांकेर, सचिव श्रीमती निहारिका बारिक बालोद और गरियाबंद, सचिव डीडी सिंह जशपुर, सचिव टीसी महावर सुकमा और नारायणपुर, सचिव शहला निगार कोंडागांव, सचिव कमलप्रीत सिंह जांजगीर, सचिव श्रीमती रीता शांडिल्य महासमुंद, सिद्धार्थ कोमल परदेशी बस्तर, सचिव रीना बाबा कंगाले बेमेतरा और मुंगेली, सचिव अविनाश चंपावत कोरबा, सचिव निरंजन दास कोरिया, सचिव आर प्रसन्ना दंतेवाड़ा और बीजापुर, विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) अम्बलगन पी को रायगढ़ तथा विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती अलरमेल मंगई को दुर्ग जिले का प्रभार सौंपा गया है।

अनुकरणीय हुआ बटार का आदर्श गौठान

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न गतिविधियां हो रही हैं। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में 15 प्रतिशत ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया जा रहा है। प्रत्येक विकासखंड में एक मॉडल ग्राम पंचायत का चयन कर योजना को क्रियान्वित करने की जिम्मेवारी जिला प्रशासन को दिया गया है। जिसके फलस्वरूप शासन के इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्ताव आमंत्रित कर स्थल निरीक्षण के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विकासखंड बेमेतरा से 19 ग्राम पंचायतों को

एन.जी.जी.बी. के क्रियान्वयन के लिए प्राथमिक रूप से चयन किया गया है, जिसमें ग्राम पंचायत बटार को मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में चिन्हित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा मॉडल गौठान के लिए चयन हेतु पारंपरिक गौठान, पर्याप्त स्थल, समीपस्थ में जलस्त्रोतों की उपलब्धता, पेड़ की उपलब्धता को अनिवार्य किया गया है। पंचायत प्रतिनिधि पंच-सरपंच ग्राम पंचायत के साथ-साथ ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी आदि मानको पर खरा उतरने के उपरांत ग्राम पंचायत बटार को मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने की लिए चयन किया गया। जिसके लिए सरपंच रमेश दत्त दुबे की भी सक्रिय भूमिका रही। अभिशरण के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग से पौधे एवं बाड़ी विकास कार्य कृषि विभाग वर्मी बेड/भू-नाडेब/घुरवा पशुपालन पशु चारा बीज, स्वास्थ्य परीक्षण एवं अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही है। कलेक्टर ने कहा है कि गौठान को डे-केयर के रूप में विकसित किया जाएगा। गावों में गौठान से जोड़कर रोजगार मूलक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

वर्ल्ड कप सेमीफाइनल मैच में सट्टा लिखते दो आरोपी गिरफ्तार

» 20 हजार रुपए नगदी व पांच नग मोबाइल फोन सहित एलईडी टीवी व अन्य सामान जब्त

रायपुर जुलाई (आरएनएस)। वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच में खेले गए इंडिया व न्यूजीलैंड मैच के दौरान सट्टा लिखते पाए जाने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 20 हजार रुपए नगदी व पांच नग मोबाइल फोन सहित एलईडी टीवी व अन्य सामान

जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कटोरा तालाब मरीन ड्राइव रोड के पास सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक घर में इंडिया व न्यूजीलैंड सेमीफाइल क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा लिखते पाए जाने पर सुमीत गांधी 36 वर्ष पिता जोगेंद्र गांधी व जी सागर राव 25 वर्ष पिता जीके राव को खुशी रेसीडेंसी फ्लैट नं. 604 तेलीबांधा मे सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ गिरफ्तार उसके कब्जे से 8000 रू दो नग मोबाइल एवं क्रिकेट सट्टा लिखा हुआ पन्ना बरामद किया जी सागर राव के निशानदेही पर खुशी रेसीडेंसी फ्लैट नं. 604 में छापा मारकर सुमित गांधी अपने रूम मे बैठकर भारत विरूद्ध न्यूजीलैंड का मैच देखते टीवी क्रिकेट का सट्टा पट्टी लिख रहा था जिसके कब्जे से दो नग कीपैड इंटेक्स कंपनी का मोबाईल, सैमसंग कंपनी का एक नग टच स्क्रीन मोबाइल, एक नग एम आई कंपनी का एलईडी टीवी, एयरटेल का सेटअप बाक्स रिसीवर, दो नग रिमोट, एक नग कापी जिसमे क्रिकेट सट्टे का हिसाब किताब लिखा है तथा 5 पन्ना सट्टा पट्टी की पर्ची एक नग पेन एंव नगद 12000 रूपये को जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन थाना पुलिस ने जुआ एक्ट की धारा 4 के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई किया है।

ट्रैन से कटा युवक, कई घंटों तक पटरियों में पड़ी रही लाश

भिलाई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के भिलाई पॉवर हाउस रेलवे स्टेशन में बुधवार सुबह एक शख्स की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सुबह करीब 7.40 बजे दक्षिण बिहार एक्सप्रेस के नीचे आने से व्यक्ति का शरीर दो टुकड़ों में कट गया। यही नहीं व्यक्ति का दाहिना हाथ भी अलग हो गया। हादसे के बाद लगभग तीन घंटों तक शव ट्रैक पर ही पड़ा रहा। इस दौराव शव के ऊपर से कई ट्रेने गुजर गई। फिलहाल जीआरपी ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

जीआरपी पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान खुर्सीपार निवासी एस भगवती राव (47) के रूप में हुई है जो बीएसपी में ठेका कर्मचारी के रूप में काम करता है। आज सुबह वह प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर किसी परिचित को लोकल ट्रेन में चढ़ाने पहुंचा था। ट्रेन रवाना होने के बाद फुट ओवर ब्रिज की बजाए ट्रैक से प्लेटफार्म क्रमांक एक पहुंचना चाह रहा था। इस दौरान प्लेटफार्म क्रमांक एक पर दक्षिण बिहार एक्सप्रेस खड़ी थी। भगवती राव दूसरे प्लेटफार्म में जाने ट्रेन से चढने लगा इसी दौरान ट्रेन छूटी और वह फिसल गया। फिसलकर वह सीधे ट्रैक के अंदर चला गया जिससे यह हादसा हुआ।

एटीएम कार्ड की क्लोनिंग कर निकाल लिए 1 लाख

» सेवानिवृत्त विद्युत कर्मी हुआ ठगी का शिकार

कोरबा (आरएनएस)। एटीएम से रुपए निकालने का तरीका बताने का झांसा देकर कुछ देर के लिए सेवानिवृत्त विद्युत कर्मी का एटीएम कार्ड हासिल कर उसकी क्लोनिंग करते हुए 1 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

बालको थाना अंतर्गत ग्राम झगरहा बस्ती कोरकोमा रोड निवासी जगबन्धु डे ने बताया कि वह नवंबर 2018 में सीएसईबी के केटीपीएस प्लांट से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। 200 मेगावॉट विद्युत संयंत्र स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का वह खाता धारक है जहां से उसे प्लेटिनम एटीएम कार्ड आबंटित है। वह 7 जुलाई को सुबह करीब 10:15 बजे रुपए निकालने एटीएम कार्ड लेकर घंटाघर के पास स्थित एसबीआई एटीएम पहुंचा था। यहां रुपए निकालते वक्त एक व्यक्ति ने कहा कि अंकल, ऐसे पैसा नहीं निकलेगा, लाओ अपना एटीएम मैं निकाल देता हूं।

इसके बाद व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड लेकर कुछ देर रखा और फिर दे दिया। पीड़ित ने 5 बार एटीएम से 20-20 हजार कर कुल 1 लाख रुपए निकाला और इस दौरान उक्त अज्ञात व्यक्ति उसके पीछे खड़ा था लेकिन वह ध्यान नहीं दे पाया। रुपए निकालकर जगबन्धु घर लौट आया। इसके पश्चात 8 जुलाई को सुबह करीब 11:53 बजे उसके मोबाइल पर एक अन्य नंबर 1412822432 से फोन आया और अभी 1 लाख रुपए निकाले जाने की बात कही तब जगबन्धु डे ने इससे इंकार किया।

कुली नं 1 के फेमस गाने को रीक्रिएट करेंगे वरुण और सारा

डायरेक्टर डेविड धवन की अपकमिंग फिल्म की शूटिंग 5 अगस्त से बैंकॉक में शुरू होगी। वरुण धवन, सारा अली खान और परेश रावल स्टारर इस फिल्म को कुली नं 1 का रीमेक बताया जा रहा था लेकिन बीते दिनों एक इंटरव्यू के दौरान खुद डेविड ने कहा कि जिस रीमेक पर वह पिछले एक साल से काम कर रहे थे, वह असल में अब पूरी नई फिल्म है।

मिली जानकारी के मुताबिक, फिल्म की टीम ऑरिजनल चार्टबस्टर मैं तो रस्ते से जा रहा था को रीक्रिएट करने जा रही है। नए वर्जन को तनिष्क बागची कंपोज करेंगे। डेविड ने कहा, ऑरिजनल सॉन्ग से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। यह हमारी फिल्म का महत्वपूर्ण गाना है। चूंकि समय बदल गया है, इसलिए वरुण और सारा के साथ मैं गाने को बिल्कुल अलग तरह से पिक्चराइज करूंगा। डेविड ने आगे कहा कि फिल्म की सफलता में गानों की रीकॉल वैल्यू का बड़ा रोल होता है।

बता दें, 1995 में आई इस फिल्म के ऑरिजनल गाने को बेंगलुरु में शूट किया गया था। इसे याद करते हुए डेविड ने बताया, भेल पूरी मुंबई का सिग्नेचर स्ट्रीट फूड है। हमें बेंगलुरु में एक ऐसी जगह मिली जहां भेल पूरी के कई स्टॉल थे और गोविंदा व करिश्मा इसके पास से टहलते हुए मुंबई को एक्सप्लोर करते हैं। मुझे उस वक्त लगा कि शहर के तत्व को कैप्चर करने का यही बेस्ट तरीका है।

यह पूछे जाने पर कि नए गाने से फैंस क्या उम्मीद करें, डायरेक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा, यह एक फन सॉन्ग है जो कि कपल के बीच के बॉन्ड को दर्शाता है।

प्रियंका के साथ ऐक्शन फिल्म करना चाहती हैं परिणीति चोपड़ा

परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जबरिया जोड़ी के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म में वह ऐक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा वह साइना नेहवाल की बायॉपिक में भी दिखेंगी। अपने शेड्यूल के कारण परिणीति काफी बिजी हैं लेकिन फिर भी हाल ही में जब वह मुंबई के ट्रैफिक में फंसी थीं, उन्होंने ट्विटर पर सेशन के लिए समय निकाला ताकि वह फैंस से बात कर सकें। ऐक्ट्रेस ने कुछ लोगों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक यूजर ने उनसे पूछा कि किस फिल्म में वह बहन प्रियंका चोपड़ा के साथ काम करना चाहेंगी। इस सवाल के जवाब में परिणीति ने कहा, अच्छा सवाल! मुझे लगता है कि हमें दो लड़कियों वाली ऐक्शन फिल्म करनी चाहिए जिसमें हम दोनों गाना भी गा सकें। इसके आगे इसी ट्वीट में उन्होंने प्रियंका को टैग करते हुए पूछा, क्या कहती हैं दीदी। बता दें, दोनों ऐक्ट्रेसेस ने अब तक साथ में काम नहीं किया है लेकिन इस बातचीत को देख ऐसा लगता है कि शायद दोनों किसी फिल्म में साथ काम करें।

मिशन मंगल में साइंटिस्ट के किरदार में नजर आयेंगे अक्षय कुमार

कुछ दिन पहले ही अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक नोट शेयर किया था जिसमें लिखा था, हॉलिवुड पिछले कई सालों से स्टार ट्रेक, स्टार वार्स और ग्रैविटी जैसी फिल्में बना रहा है जिन्होंने एक पूरी पीढ़ी, आविष्कारकर्ताओं, वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है। मैं भी हमेशा से ऐसी एक फिल्म करना चाहता था...मेरे लिए मिशन मंगल वह फिल्म है। यह फिल्म खासतौर पर मैं अपनी बेटी के लिए कर रहा हूं ताकि उसकी उम्र के बच्चों को भारत के बेहतरीन मंगल मिशन की सच्ची कहानी पता चले।

जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है तब से ऐसी बातें कही जा

रही थीं कि फिल्म में विद्या बालन, सोनाक्षी सिन्हा, तापसी पन्नू, नित्या मेनन, कीर्ति कुल्हाड़ी और शरमन जोशी के मुख्य किरदारों के बीच अक्षय का एक थोड़ा लंबा कैमियो रोल होगा। हालांकि अब पता चला है कि इस फिल्म में अक्षय कुमार का एक बड़ा किरदार होगा। वह इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के एक सीनियर साइंटिस्ट का किरदार निभाने जान रहे हैं जिन्होंने मंगल मिशन में मार्स ऑर्बिटर पर काम किया था। एक सूत्र के मुताबिक, फिल्म के मुख्य किरदारों के साथ अक्षय का रोल ऐसे साइंटिस्ट का है जो एक युवा टीम को मुश्किलों के बीच प्रेरित करते हैं। फिल्म सच्ची कहानी पर बनी है, इसमें केवल कुछ रचनात्मक स्वतंत्रता ली गई है। यह फिल्म इस साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी। बता दें कि यह फिल्म 5 नवंबर 2013 में इसरो द्वारा लॉन्च किए गए मंगलयान पर बनी है। रूस, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के बाद भारत चौथा देश है जो अभी तक मंगल तक पहुंच पाया है।